# अविद्युतीकृत ग्राम / मजरा-टोला / बसाहटों में सोलर विद्युतीकरण

## (सौभाग्य, डी.डी.यू.जी.जे.वाय. एवं ग्रामीण विद्युतीकरण योजना)

विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार समस्त अविद्युतीकृत ग्राम / मजरे-टोलों / बसाहटों का विद्युतीकरण किया जा चुका है। राज्य के कई ऐसे मजरे-टोले हैं, जहाँ के निवासरत् ग्रामीण बिजली न होने के कारण भौतिक सुख-सुविधाओं से वंचित थे। जिनका विद्युतीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है। अब तक राज्य में 1,38,000 से अधिक घरों का सोलर विद्युतीकरण किया जा चुका है, जिसमें 920 गांव शामिल हैं।



ग्राम-बोदाली, जिला- बस्तर



ग्राम-कोकड़ी, जिला- गरियाबंद

**श्री भूपेश बघेल**
माननीय मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन

**छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)**
ऊर्जा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन

CREDA

Toll Free No. 18001234591
Log on: www.creda.co.in

व्ही.आई.पी.रोड, ऊर्जा शिक्षा उद्यान के पास, फुण्डहर चौक, रायपुर (छ.ग.)

## डी.डी.जी. योजना

योजना अन्तर्गत राज्य के समस्त अविद्युतीकृत ग्रामों को विद्युतीकरण करने हेतु योजना का क्रियान्वयन किया जा चुका है। (केन्द्र शासन द्वारा 60 प्रतिशत एवं राज्य शासन के द्वारा 40 प्रतिशत अनुदान) इस योजना से समस्त ऐसे ग्रामों के रहवासी जिन्हें अब तक अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ रहा था, सोलर पावर प्लांट एवं होम लाइट संयंत्रों के माध्यम से विद्युतीकृत किया गया है। योजनांतर्गत दिनांक 31.03.2021 की स्थिति में 736 ग्रामों के 62890 घरों का विद्युतीकरण विभिन्न क्षमताओं (01-10 कि.वॉ.) के सोलर पावर प्लांट संयंत्रों तथा 150 वाट 60AH तथा 200 वाट 80 AH बैटरी क्षमता के सोलर होम लाईट संयंत्रों द्वारा 08 वॉट क्षमता के 03/05 नग एल.ई.डी. लाईट, 01 नग Mobile Charging Point 01 नग DC Fan एवं 01 नग TV Socket के द्वारा किया गया है।

## सौभाग्य योजना

प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) अंतर्गत विद्युतीकृत ग्रामों में समस्त ऐसे घर/बसाहटें जिनका विद्युतीकरण नहीं हो पाया था, इस योजना के माध्यम से विद्युतीकरण किया गया है (केन्द्र शासन द्वारा 60 प्रतिशत एवं राज्य शासन के द्वारा 40 प्रतिशत अनुदान)। क्रेडा द्वारा राज्य के 22 जिलों के 65373 अविद्युतीकृत घरों को सौर संयंत्रों के माध्यम से विद्युतीकृत किया जा चुका है। जिसमें घरों को 200 वाट 80 Ah बैटरी क्षमता के सोलर होम लाईट संयंत्रों द्वारा 08 वॉट क्षमता के 05 नग LED Lites 01 नग Mobile Charging Point 01 नग DC Fan एवं 01 नग TV Socket के द्वारा विद्युतीकृत किया गया है, तथा लगभग 2345 अविद्युतीकृत घरों को विभिन्न क्षमताओं (01-10 कि.वॉ.) के सोलर पावर प्लांट संयंत्रों द्वारा विद्युतीकृत किया गया है। इस प्रकार योजनांतर्गत कुल लक्ष्य 65373 अविद्युतीकृत घरों का विद्युतीकरण पूर्ण किया जा चुका है।



ग्राम- कामाराम, जिला- सुकमा